पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

राज्यपाल ने प्राथमिक विद्यालय अर्जुनगंज के कुल 137 बच्चों को पठन–पाठन सामग्री वितरित की

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 26 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन के गांधी सभागार में जिला प्रशासन एवं रिलायंस जियो के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय अर्जुनगंज के कुल 137 बच्चों को पठन–पाठन सामग्री वितरित की गयी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों को पठन–पाठन सामग्री मिलने से पढ़ने–लिखने में उनकी रूचि बढ़ेगी तथा प्रेरक कहानियों को पढ़ने से उनमे अपने महापुरूषों के व्यक्तित्व की जानकारी होगी, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास होगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी और उनकी टीम के द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प कार्य सराहानीय है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की वे अपने विद्यालय में एक छोटी लाईब्रेरी स्थापित करें। जिससे समय–समय पर बच्चों को पुस्तके आबंटित करें तथा पुस्तके प्राप्त करने वाले बच्चों से पढ़ने के बाद सम्बन्धित विषयों पर लेख भी लिखवाये ऐसा करने से बच्चों में पढ़ने व लिखने की रूचि जागेगी।

जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि लखनऊ जिले में एक हजार छः सौ उन्नीस प्राथमिक विद्यालय है इनमे से एक हजार पचास विद्यालय का कायाकल्प किया जा चुका है। और शेष विद्यालयों को कायाकल्प किये जाने का कार्य चल रहा है।

कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. सर्वेंद्र विक्रम

बहादुर सिंह, सी.एस.आर पार्टनर रिलायंस जियो के स्टेट कॉर्डिनेटर संदीप डडवाल सहित अधिकारीगण एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (112/39)
सम्पर्क सूत्र 9453005360